# भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के राजधानी प्रवास की चित्रमय झांकी


विमानतल पर भव्य स्वागत।


गुरुद्वारा गुरूनानक टेकरी में मत्था टेका।


भोपाल विलीनीकरण के शहीदों को श्रद्धांजलि।


नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण


मुख्यमंत्री निवास में स्वागत।


प्रदेश भाजपा कार्यालय में अगवानी।

## मेरा नहीं भाजपा के करोड़ों कार्यकर्ताओं का स्वागत है : नड्डा

भोपाल (काप्र)।

**राजधानी पहुंचे भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। नड्डा ने कहा कि उनसे कांग्रेस के एक कार्यकर्ता ने कहा कि पार्टी के पास पदाधिकारी तो हैं लेकिन कार्यकर्ता नहीं हैं, इसलिए पार्टी की हालत खराब है।**

राजाभोज इंटरनैशनल एयरपोर्ट पर स्वागत के बाद नड्डा ने कहा कि मैंने कल कांग्रेस के एक नेता से मुलाकात के दौरान कहा कि कांग्रेस पार्टी का हाल बहुत खराब है तो कांग्रेस नेता ने कहा कि होगा क्यों नहीं। कांग्रेस में 40 महामंत्री और 156 मंत्री हैं, कार्यकर्ता कहीं कोई नहीं है। इसके साथ ही नड्डा ने कहा कि यह कांग्रेस पार्टी के अंदर का खोखलापन बताता है। इससे पहले नड्डा ने बुधवार को स्टेट हैंगर पर अपने स्वागत के बाद कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि बहुत से लोग उनका पूरा नाम भी नहीं जानते होंगे, लेकिन वे भी पूरे हर्ष से उनके स्वागत के लिए आए हैं। उन्होंने कहा कि आज जिस हर्ष-उल्लास के साथ उनका स्वागत किया गया है, ये भाव-विभोर करने वाला है। उन्होंने कहा कि यह इस बात का बोध कराता है कि ये स्वागत सिर्फ उनका स्वागत नहीं, भाजपा के करोड़ों कार्यकर्ताओं की विचारधारा का स्वागत है।

### कार्यकर्ताओं को दिया जीत का मंत्र

मध्य प्रदेश को लेकर नड्डा ने कहा कि राज्य आज विकास की दृष्टि से आगे बढ़ रहा है। पहले मध्य प्रदेश बीमारू राज्य की श्रेणी में था, और आज वही प्रदेश लीडर की तरह आगे बढ़ रहा है। कार्यकर्ताओं को सफलता का मंत्र देते हुए नड्डा ने कहा कि वे पूरी ताकत से पार्टी को मजबूत करने में लगें। शाबाशी लेने के लिए नहीं, बल्कि अपने से छोटे कार्यकर्ताओं को शाबाशी देकर प्रोत्साहन देने के लिए काम करें। नड्डा का स्टेट हैंगर पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, महासचिव कैलाश विजयवर्गीय, प्रदेश प्रभारी पी मुरलीधर राव और प्रदेश सह प्रभारी पंकजा मुंडे ने स्वागत किया।

### गुरूनानक टेकरी में मत्था टेका एवं शहीदों को दी पुष्पांजलि

श्री नड्डा सड़क मार्ग द्वारा ईदगाह हिल्स पहुंचे और गुरुद्वारा गुरूनानक टेकरी के दर्शन कर मत्था टेका। तत्पश्चात भोपाल गौरव दिवस के अवसर पर भोपाल विलीनीकरण शहीद स्मृति द्वार पहुँचकर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान प्रदेशाध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा एवं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान उपस्थित रहे। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने 7 नंबर स्टॉप स्थित नेताजी सुभाषचन्द्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उनका स्टेट हैंगर से प्रदेश कार्यालय तक विभिन्न स्थानों पर सामाजिक संगठनों, प्रबुद्धजनों, पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने जयघोष के साथ पुष्पवर्षा और आरती उतारकर स्वागत किया। श्री नड्डा भाजपा कार्यालय पहुंचे, जहां प्रदेश अध्यक्ष श्री विष्णुदत्त शर्मा ने उनकी अगवानी की। जिसके पश्चात श्री नड्डा ने प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद, पार्टी के राष्ट्रीय पदाधिकारी, केन्द्रीय मंत्रियों, प्रदेश शासन के मंत्रियों एवं पार्टी पदाधिकारियों के साथ महापुरूषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया। इस दौरान राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय, राष्ट्रीय सह प्रभारी श्रीमती पंकजा मुंडे, केन्द्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल, प्रदेश महामंत्री रणवीर सिंह रावत, हरिशंकर खटीक, प्रदेश कार्यालय मंत्री डॉ. राघवेन्द्र शर्मा, जिलाध्यक्ष सुमित पचौरी उपस्थित थे। नड्डा ने प्रदेश कार्यालय में प्रदेश शासन के मंत्रियों की बैठक को संबोधित किया।

स्टेट हैंगर पर पार्टी के प्रदेश शासन के मंत्री भूपेन्द्र सिंह, डॉ. नरोत्तम मिश्रा, विश्वास सारंग, डॉ. प्रभुराम चौधरी, कमल पटेल, रामखेलावन पटेल, बृजेन्द्र प्रताप सिंह, पूर्व मंत्री उमाशंकर गुप्ता, प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक शर्मा, श्रीमती सीमा सिंह, प्रदेश महामंत्री भगवानदास सबनानी, सांसद गणेश सिंह, केपी यादव, विधायक रामेश्वर शर्मा, विष्णु खत्री, श्रीमती कृष्णा गौर, प्रदेश मंत्री राहुल कोठारी, जिलाध्यक्ष सुमित पचौरी, सुरेन्द्र पटवा, पंकज चतुर्वेदी, सुदेश राय, महेन्द्र यादव, श्रीमती अमिता चपरा, रमाकांत भार्गव, श्रीमती इमरती देवी, विकास विरानी, सुरजीत सिंह चौहान सहित हजारों कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया।

## खास-खबरें

### नीम और पीपल के पौधे रोपे



**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने स्मार्ट सिटी उद्यान में, स्माइल फॉर ऑल सोसाइटी के अंकित यादव, सुश्री आयुषी ठाकुर और प्रशांत सोनी के साथ नीम और पीपल के पौधे लगाएं।

### मुख्यमंत्री ने भोपाल विलीनीकरण दिवस पर दीं शुभकामनाएँ

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल विलीनीकरण दिवस पर भोपालवासियों को सोशल मीडिया के माध्यम से शुभकामनाएँ दीं। श्री चौहान ने कहा कि देश की स्वतंत्रता के दो साल बाद एक जून 1949 को यह शुभ घड़ी आई जब भोपाल, भारत का अभिन्न अंग बना। इस अप्रतिम शुभ और गौरवपूर्ण घड़ी को प्राप्त करने में हमारे असंख्य लोगों ने बलिदान दिया। मुख्यमंत्री ने कहा है कि दृढ़-निश्चयी, वीर सपूतों के चरणों में मैं प्रणाम करता हूँ।

### बच्चों के भविष्य और अधिकारों की रक्षा के लिए समन्वित प्रयास जरूरी : चौहान

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अंतर्राष्ट्रीय बाल रक्षा दिवस पर बच्चों की बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य और उन्हें पोषण आहार प्रदान करने के प्रयासों में जन-भागीदारी को प्रोत्साहित करने की अपील की है। श्री चौहान ने सोशल मीडिया के माध्यम से संदेश दिया है कि सशक्त बच्चे, सुदृढ़ समाज की नींव हैं। बच्चों के बेहतर भविष्य और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए समन्वित प्रयास जरूरी हैं।

### के.के. के निधन पर शोक व्यक्त

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने केके के नाम से प्रसिद्ध गायक, कृष्ण कुमार कुन्नथ के असमय निधन पर शोक व्यक्त किया है। श्री चौहान ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि अपनी मधुर आवाज और मनमोहक अंदाज से सबको अपना बना लेने वाले गायक श्री कुन्नथ का असमय निधन संगीत जगत की अपूरणीय क्षति है। वे एक उत्कृष्ट कलाकार थे, जिनकी कमी कभी पूरी नहीं की जा सकेगी।

## राज्यपाल को मुख्यमंत्री और मंत्रियों ने दी बधाई

भोपाल (काप्र)।



**राज्यपाल मंगुभाई पटेल का जन्म-दिवस राजभवन में गरिमामय सादगी के साथ मनाया गया। राज्यपाल को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज प्रातः राजभवन पहुँचकर, पुष्प-गुच्छ और उपहार भेंट कर जन्म-दिवस की बधाई दी। जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट और उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी राजभवन पहुँचकर जन्म-दिवस की बधाई दी।**

राज्यपाल पटेल के जन्म-दिवस पर राजभवन में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान द्वारा दंत परीक्षण शिविर और शासकीय होम्योपैथी चिकित्सा महाविद्यालय द्वारा वरिष्ठ जन जाँच, चिकित्सा शिविर एवं औषधि वितरण किया गया।

राज्यपाल श्री पटेल ने जन्म-दिवस पर राजभवन परिसर और कुम्हारपुरा स्कूल के बच्चों को स्कूल बैग, महिला कर्मचारियों को स्वच्छता किट का वितरण किया। श्री पटेल ने प्रातःकाल में राजभवन स्थित गो-शाला में गो-पूजन किया। गो-माता को हरा चारा खिलाया। राजभवन स्थित धन्वंतरि उद्यान का भ्रमण कर, भगवान धन्वंतरि की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उद्यान में तुलसी और पपीते का पौधा रोपा। परिसर में वटवृक्ष के पौधे का रोपण किया।

राजभवन में गरिमामय कार्यक्रम में श्री पटेल ने जन्म-दिवस की शुभकामनाएँ स्वीकार की। राज्यपाल को राजभवन प्रेस प्रकोष्ठ द्वारा सेवा-साधना फोल्डर की प्रथम प्रति भेंट की गई। बधाई देने वालों में जनजातीय प्रकोष्ठ के सदस्यों सहित अध्यक्ष दीपक खांडेकर, राज्यपाल के प्रमुख सचिव डीपी आहूजा, उप सचिव धरणेन्द्र कुमार जैन, विधि अधिकारी डीपीएस गौर, परिसहाय द्वय सुभाष आनंद, अगम जैन, नियंत्रक श्रीमती सुरभि तिवारी, सुरक्षा अधिकारी इंद्रजीत सिंह चावड़ा, चिकित्सक डॉ. बीके श्रीवास्तव, संगीता जैन, डॉ. गीता सुकुमार, सत्कार अधिकारी श्रीमती शिल्पी दिवाकर, राजभवन कुम्हारपुरा स्कूल के शिक्षक और बच्चे, होम्योपैथी दंत चिकित्सा शिविर के चिकित्सक, राजभवन की डिस्पेंसरी, आयुष, होम्योपैथी के पेरामेडिकल स्टॉफ, राजभवन सचिवालय, उद्यानिकी, पुलिस बैरक, लोक निर्माण विभाग एवं प्रेस प्रकोष्ठ के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी ने राज्यपाल का अभिनंदन कर जन्म-दिवस की बधाई दी।

## मुख्तार मलिक से झालावाड़ में गैंगवार, एक की मौत

भोपाल (काप्र)।

**राजधानी के फरार गैंगस्टर मुख्तार मलिक की गैंग से राजस्थान के झालावाड़ में गैंगवार हुई है। गैंगवार राजस्थान के बंटी गैंग के बीच हुआ है। दोनों के बीच भीमसागर बांध के कैचमेंट एरिया में मछलियां पकड़ने को लेकर विवाद हो गया। इसके बाद दोनों गैंग के बीच फायरिंग भी हुई।**

गैंगवार में मुख्तार गैंग के एक गुर्गे की मौत भी हो गई। वहीं, मुख्तार समेत उसके राइट हैंड विक्की वाहिद को भी गोली लगी है। हालांकि दोनों लापता हैं। बताया जा रहा है कि गैंगवार के समय जिस नाव में मुख्तार गैंग सवार थी, वह डूब गई।

राजस्थान में असनावर थाना प्रभारी हरवंत सिंह ने बताया कि भीमसागर बांध के नदी क्षेत्र में मछलियां पकड़ने का ठेका भोपाल निवासी मुख्तार मलिक ने ले रखा है। मंगलवार देर रात मुख्तार मलिक 11 मजदूरों के साथ कांस खेड़ली के पास कम गहरे पानी में नाव से पेट्रोलिंग कर रहा था। इसी दौरान गांव के रहने वाले मछुआरों से कहासुनी हो गई। विवाद इतना बढ़ा कि फायरिंग होने लगी। फायरिंग होते ही नदी के अंदर नाव पलट गई। बुधवार सुबह नदी के अंदर घटनास्थल के पास से शव पानी में उतराता मिला।

शव को अस्पताल भिजवाया। मुख्तार मलिक के साथ रात को गश्त कर रहे दो मजदूरों को तलाश किया जा रहा है। मुख्तार मलिक के खिलाफ भोपाल के कोहेफिजा थाने में हत्या की कोशिश का मामला दर्ज किया गया है। इस मामले में वह फरार है।

### नेता प्रतिपक्ष गोविंद सिंह का भाजपा अध्यक्ष को पत्र...

## शिवराज और प्रज्ञा को सुशासन का पाठ पढ़ाएं

भोपाल (काप्र)।

नेता प्रतिपक्ष गोविंद सिंह ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को पत्र लिखा है। मीडिया से चर्चा करते हुए उन्होंने बताया- मैंने लेटर में नड्डा से जाते-जाते मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को सुशासन का पाठ पढ़ाकर जाने का अनुरोध किया है। यह भी लिखा कि भोपाल सांसद प्रज्ञा ठाकुर ने अपने बयान में कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष कमलनाथ से कहा था- आपको पता नहीं कि आप क्या हो, तो अपनी मां से पूछ लेते कि आप हिन्दू हो या क्या हो? उनके इस बयान पर पर नड्डाजी से सवाल किया कि क्या भाजपा की संस्कृति इस प्रकार की है? भाजपा का सुशासन यही है क्या? इनसे जुड़े आरएसएस, श्रीराम सेना के कार्यकर्ता सिवनी में आदिवासी को रात में घर से बाहर निकालकर मारते हैं।

**खास खबर** | राज्यपाल ने पेसा एक्ट नियम निर्माण पर अधिकारियों से की चर्चा...

## जनजातीय समाज का उत्थान समावेशी समाज निर्माण का आधार

भोपाल (काप्र)।

**राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि जनजातीय समाज का उत्थान समावेशी समाज निर्माण का आधार है। पेसा एक्ट के नियमों और प्रावधानों को बनाने का कार्य संवेदनशीलता और गतिशीलता के साथ किए जाएँ। उन्होंने कहा कि हम सभी का यह व्यक्तिगत दायित्व है कि नियम निर्माण प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करने के प्रयासों में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दें।**

श्री पटेल पेसा एक्ट के अधिनियम प्रावधानों पर जनजातीय प्रकोष्ठ राजभवन और संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों साथ चर्चा कर रहे थे। बैठक का आयोजन दो सत्रों में किया गया था। प्रथम सत्र में राजस्व और खनिज विभाग, दूसरे सत्र में जल संसाधन और वाणिज्यिक कर विभाग से संबंधित प्रावधानों पर विचार-विमर्श किया गया।



राज्यपाल ने कहा कि जिस तरह स्वस्थ शरीर का कोई भी हिस्सा यदि दर्द करता है तो पूरा शरीर प्रभावित होता है। उसी तरह ही यदि समाज का एक वर्ग पिछड़ा और वंचित है तो समाज भी सुखी और मज़बूत नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा कि समावेशी समाज के लिए जनजातीय समाज को मुख्य-धारा में शामिल किया जाना अनिवार्य है। जरूरी है कि विकास, उत्थान और जनजागृति के कार्य संवेदनशीलता और गतिशीलता के साथ किए जाएँ। उनका धरातल पर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो। उन्होंने कहा कि उनकी प्रतिबद्धता जनजातीय कल्याण और उत्थान की प्रयासों की सफलता में है। उनके जीवन के हर क्षण की सर्वोच्च प्राथमिकता जनजातीय कल्याण का प्रयास है। अधिकारियों से अपेक्षा करते हुए कहा कि जनजातीय समाज के विकास के प्रयासों की उपलब्धि का हर दिन, उनके लिए जन्म दिन के समान आनंद और खुशी का दिन होगा। इसी भाव-भावना के साथ जनजातीय कल्याण और वंचित वर्गों के विकास के प्रयासों में अधिकारियों का सहयोग अपेक्षित है।

जनजातीय प्रकोष्ठ के अध्यक्ष दीपक खांडेकर, अपर मुख्य सचिव जल संसाधन एस.एन. मिश्रा, राज्यपाल के प्रमुख सचिव डी.पी. आहूजा, प्रमुख सचिव राजस्व मनीष रस्तोगी, प्रमुख सचिव खनिज सुखबीर सिंह, प्रमुख सचिव वाणिज्यिक कर श्रीमती दीपाली रस्तोगी, अपर सचिव जल संसाधन आशीष कुमार, जनजातीय प्रकोष्ठ के सदस्य सचिव बी.एस. जामोद, संचालक खनिज राकेश श्रीवास्तव, अन्य वरिष्ठ अधिकारी और जनजातीय प्रकोष्ठ के सदस्यगण उपस्थित थे।


**जाहिर सूचना का खण्डन**

**कृषि भूमि खसरा नं. 154/1, 154/2, 154/3 रकबा 3.12 हेक्टेयर भूमि ग्राम अमरावदकला, तहसील हुज़ूर, जिला भोपाल के संबंध में**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री शेखर पवार आ. श्री रमेश पवार के निर्देश पर दिनांक 30/05/2022 को दैनिक समाचार पत्र दैनिक भास्कर में अधिवक्ता श्री मुकेश सिंह के द्वारा प्रकाशित जाहिर सूचना का खण्डन करता हूं। मेरे पक्षकार द्वारा कृषि भूमि खसरा नं. 154/1, 154/2, 154/3 रकबा 3.12 हेक्टेयर भूमि ग्राम अमरावदकला, तहसील हुजूर, जिला भोपाल के संबंध में भूमि स्वामी श्री नेमीचंद साहू एवं श्री प्रहलाद साहू दोनो पुत्रगण स्व. श्री परसराम साहू, दोनो निवासी-ग्राम अमरावदकला, तहसील कोलार, जिला भोपाल से एक विक्रय अनुबंध पत्र निष्पादित कर बयाना राशि का भुगतान किया जा चुका है तथा वर्तमान में अनुबंध पत्र अस्तित्व में है। अतः उपरोक्त जाहिर सूचना प्रकाश के खंडन में यह खंडन किया जाता है कि उपरोक्त सम्पत्ति जो कि मेरे पक्षकार के साथ अनुबंधित की गयी है, के संबंध में किसी भी व्यक्ति, व्यक्ति, वित्तीय संस्था (बैंक), फर्म, गृह निर्माण सहकारी संस्था आदि उक्त भूमि के संबंध में किसी भी तरह का संव्यवहार ना करे, और यदि किसी भी तरह का संव्यवहार किया जाता है, तो उसके वैधानिक परिणामों की जिम्मेदारी उसकी स्वयं की होगी।

भवदीय **के.के. काला** अधिवक्ता
ऑफिस :- 32 यूजीएफ, सारनाथ काम्पलेक्स, ज़ोन-1, एम.पी.नगर, भोपाल मो.-9993411804